देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 07.11.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का उद्घाटन किया।
- वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण के नेतृत्व में गैरसैंण में प्रभात फेरी और वंदेमातरम रैली निकाली गई।
- पौड़ी में आयोजित कौशल एवं अभिमुखीकरण कार्यशाला में कौशलम पाठ्यचर्या के विभिन्न आयामों पर परिचर्चा हुई।
- राज्य स्थापना की रजत जयंती पर अल्मोड़ा में व्यावसायिक कार्यशाला और प्रदर्शनी का आयोजन।

वंदे मातरम स्मरणोत्सव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। श्री मोदी ने कहा कि आज जब हम राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। यह अवसर हमारे स्वतंत्रता संग्राम के महान नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उन वीरों के प्रति श्रद्धापूर्ण नमन है, जिन्होंने वन्दे मातरम का जयघोष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

वंदेमातरम रैली

वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण के नेतृत्व में गैरसैंण में प्रभात फेरी और वंदेमातरम रैली का आयोजन किया गया। रैली में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों के छात्र–छात्राओं, स्थानीय नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत नारों और वंदेमातरम के जयघोषों से पूरा गैरसैंण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वंदेमातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के सम्मान, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का शाश्वत मंत्र है। विधानसभा अध्यक्ष ने युवाओं और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने का यह अवसर हमें मातृभूमि के प्रति अपने समर्पण, कर्तव्य और जिम्मेदारी को दोहराने का संदेश देता है।

जीएसटी संग्रहण

राज्य कर विभाग के हल्द्वानी सम्भाग में वस्तु और सेवा कर– जीएसटी संग्रह अक्टूबर माह में 47 करोड़ 27 लाख रूपये रहा। हल्द्वानी सम्भाग की संयुक्त आयुक्त, कार्यपालक, हेमा बिष्ट ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष के अक्टूबर माह की तुलना में इस वर्ष अक्टूबर में जीएसटी संग्रह में नौ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि जीएसटी संग्रह में 14 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ नैनीताल जिले का योगदान सर्वाधिक 38 करोड़ 14 लाख रूपये रहा। वहीं बागेश्वर जिले में संग्रह सबसे कम एक करोड़ नौ लाख रूपये रहा। उन्होंने बताया कि जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी, त्यौहारी मौसम में बिक्री और बेहतर अनुपालन के कारण हुई है।

कार्यशाला

पौड़ी जिले में समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान– डायट, चड़ी गांव में तीन दिवसीय कौशल एवं अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के कोट, पौड़ी, पाबौ, खिर्सू व कल्जीखाल विकासखंड के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के 52 शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें कौशलम पाठ्यचर्या के विभिन्न आयामों पर चर्चा परिचर्चा हुई। डायट समन्वयक अनुजा मैठाणी ने कौशलम प्रभारी शिक्षकों के साथ वर्तमान परिस्थितियों में 21वीं सदी के कौशलों और उद्यमशील मानसिकता की आवश्यकता विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में उद्यमशील मानसिकता को विकसित करना, उत्तराखंड से पलायन को रोकना, छात्रों में स्वरोजगार की भावना को प्रोत्साहित करना और जोखिम लेने की क्षमता को विकसित करना है।

रजत उत्सव

अल्मोड़ा जिला प्रशासन और ग्राम्य विकास विभाग की ओर से राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर देवभूमि रजत उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मल्ला महल अल्मोड़ा में दो दिवसीय व्यावसायिक कार्यशाला और स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय उत्पादों और परम्परागत वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई है। कार्यशाला में स्थानीय उत्पादकों और प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा दिल्ली से आए उद्यमियों और क्रेताओं के बीच उनके उत्पादों को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी रामजी जी शरण शर्मा ने कहा कि इसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों की बाजार में सुगम और आसान पहुंच बनाना है, जिससे उनकी अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके।

बैठक

चंपावत के जवाहर नवोदय विद्यालय चंपावत में विद्यालय प्रबंधन समिति, सलाहकार समिति और डीएलएमसी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने विद्यालय के परिणामों की समीक्षा करते हुए सभी विषयों, विशेषकर गणित में, शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों के व्यक्तिगत मार्गदर्शन, व्यावहारिक शिक्षा और गुणवत्ता आधारित शिक्षण पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को कृषि, बागवानी, मशीन संचालन, बैंकिंग प्रक्रिया,

बिजली बिल भुगतान और सरकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों में नशामुक्त जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा देने पर भी बल दिया। बैठक में विद्यालय परिसर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने, मानसिक स्वास्थ्य पर नियमित काउंसलिंग सत्र आयोजित करने, रुचि आधारित हॉबी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और साइबर सुरक्षा और वित्तीय साक्षरता पर विशेष कार्यशालाएँ आयोजित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी विद्यार्थियों के बैंक खाते खुलवाने और उनमें बचत की आदत विकसित कराने पर भी जोर दिया।